# बिहार सरकार
## आपदा प्रबंधन विभाग

### !! अधिसूचना !!

संख्याः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना–23, दिनांक–**14.10.2022**

वर्ष 2022 में राज्य में मॉनसून की वर्षा की स्थिति अत्यधिक दयनीय है। वर्षा की कमी के फलस्वरूप कई जिलों के बहुत सारे प्रखण्डों में खरीफ फसल की रोपनी/बुआई प्रतिवर्ष औसत रोपनी क्षेत्र से कम हो पाई है। जिन क्षेत्रों में रोपनी/बुआई की गई है, वहाँ भी अल्प वर्षापात के कारण उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना निश्चित है। भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त आँकड़ों एवं कृषि विभाग, बिहार से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार इस वर्ष राज्य में वर्षापात की स्थिति अत्यंत खराब है। माह जुलाई, 2022 में राज्य में 340.5 मि0मी0 औसत वर्षापात के विरूद्ध मात्र 134.6 मि0मी0 वर्षा ही हो पाई, जिससे जुलाई में वर्षापात में औसतन 60% की कमी पाई गई। इसी प्रकार, माह अगस्त, 2022 में राज्य में 271.9 मि0मी0 औसत वर्षापात के विरूद्ध मात्र 170.2 मि0मी0 वर्षा ही हो पाई। वर्षापात भी अनियमित रहा। इस प्रकार, 01 जून से 31 अगस्त, 2022 तक वर्षापात में औसतन 39 प्रतिशत की कमी पाई गई। 01 जून से 10 सितम्बर तक औसत सामान्य वर्षापात 851.2 मि0मी0 के विरूद्ध आलोच्य अवधि में मात्र 546 मि0मी0 वर्षा हो पाई है, जो औसतन 36 प्रतिशत की कमी है। कई जिलों में वर्षापात की कमी 40 से 64% तक दर्ज की गई है।

राज्य में 10 सितम्बर, 2022 तक 35 जिलों में अल्प वर्षापात की स्थिति रही। कई जिलों यथा जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, शेखपुरा, नवादा, मुंगेर, लखीसराय, भागलपुर, बाँका, जमुई एवं नालन्दा की कई पंचायतों एवं ग्रामों में धान का आच्छादन 70% से भी कम रहा।

आपदा के प्रभाव के न्यूनीकरण हेतु तथा खरीफ फसलों को बचाने के लिए कृषि विभाग के द्वारा पटवन/सिंचाई के लिए डीजल अनुदान दिया जा रहा है। आकस्मिक फसल योजना के अन्तर्गत वैकल्पिक बीज का वितरण उन क्षेत्रों में किया गया है जहाँ फसल का आच्छादन नहीं या कम हो पाया है। इसी प्रकार नहरों से भी अन्तिम छोर तक सिंचाई उपलब्ध करायी जा रही है। जलाशयों में उपलब्ध संचित जल से भी सिंचाई का प्रबंध कराया गया है तथा राजकीय एवं निजी नलकूपों के द्वारा भी सिंचाई करायी जा रही है। कृषि उपयोग हेतु बिजली की भी निर्बाध आपूर्ति की जा रही है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा माह अगस्त में अच्छी वर्षापात का पूर्वानुमान किया गया था, जिससे लगाई गई फसलों को बचाया या परती भूमि में फसल लगाई जा सकती थी। परन्तु, माह अगस्त, 2022 में वर्षापात की अत्यधिक कमी के कारण वर्त्तमान में जिलों से यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कई जिलों के बहुत से पंचायतों/ग्रामों में खरीफ फसल की रोपनी नहीं हो पायी तथा कुछ प्रखण्डों/पंचायतों में जहाँ खरीफ फसलों की रोपनी हो चुकी है, वहाँ वर्षापात की कमी तथा जलाशयों में जल संचित नहीं रहने से सिंचाई हेतु जल की अनुपलब्धता के कारण खरीफ फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना अवश्यम्भावी है।

अल्प वर्षापात के कारण राज्य के सतही जलस्रोत प्रभावित हो रहे हैं। राज्य के कई भागों में जलाशयों के जलस्तर में गंभीर कमी आयी है तथा सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं है। कृषि एवं जल संसाधनों के अतिरिक्त सूखे का कुप्रभाव पशु संसाधन एवं रोजगार पर भी पड़ने की प्रबल संभावना है। खरीफ फसल के नुकसान होने तथा माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर, 2022 में वर्षा की कमी के कारण रबी फसल के भी प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। इस प्रकार कुल मिलाकर राज्य में कृषि उत्पादन में कमी की स्थिति बन गई है, जिसका सीधा कुप्रभाव कृषि के ऊपर पड़ेगा। साथ ही, सूखाग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों का जीवन–यापन भी प्रभावित हो रहा है।

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की अध्यक्षता में अल्प वर्षा के कारण उत्पन्न सुखाड़ की स्थिति की लगातार समीक्षा की गई है तथा कृषि विभाग को प्रभावित पंचायतों, प्रखण्डों को चिन्हित करने तथा स्थानीय निरीक्षण कर प्रभावित ग्रामों व पंचायतों को सूचीबद्ध करने का निदेश दिया गया। तदालोक में कृषि विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–5859 दिनांक–13.10.2022 से प्राप्त विस्तृत प्रतिवेदनानुसार राज्य के 11 जिले यथा जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, शेखपुरा, नवादा, मुंगेर, लखीसराय, भागलपुर, बाँका, जमुई एवं नालन्दा के कुल 96 प्रखण्डों के 937 पंचायतों के 7841 राजस्व ग्रामों में सूखे का प्रभाव है तथा वर्षापात में 30% से अधिक कमी एवं फसल आच्छादन 70% से कम है जिससे उपज की उत्पादकता में कमी सम्भावित है। इन पंचायतों में वर्षापात की कमी 30% से ज्यादा रही तथा माह जुलाई एवं माह अगस्त में कई लम्बे Dry Spell भी रहे। नहरों एवं जलाशय में पानी की कमी के कारण पटवन भी सुचारू रूप से नहीं हो पाया है। प्रखण्डों में खेती की गई जमीनों में दरारें उत्पन्न हो गई हैं अथवा फसलों में मुरझाने (wilting) का प्रभाव है अथवा उपज में 33 प्रतिशत या उससे अधिक कमी सम्भावित है। इसके आलोक में **राज्य के 11 जिले के कुल 96 प्रखण्डों के 937 पंचायतों के 7841 राजस्व ग्रामों एवं इसके अन्तर्गत आने वाले सभी गाँव, टोलों तथा बसावटों को सूखाग्रस्त घोषित किया जाता है,** जिनकी समेकित सूची **अनुलग्नक 'क'** पर संलग्न है।

2. सूखाग्रस्त जिलों के प्रभावित प्रखण्डों के प्रभावित पंचायतों/ग्रामों के सभी प्रभावित परिवारों को जिला पदाधिकारी की अनुशंसा पर विशेष सहायता के रूप में आनुग्रहिक राहत (GR) की राशि 3500 रुपये (तीन हजार पाँच सौ रुपये) प्रति परिवार की दर से PFMS के माध्यम से सीधे लाभुकों के बैंक खाते में अन्तरित (DBT) की जाएगी।

3. प्रतिवेदित जिलों में सुखाड़ से निपटने हेतु विशेष सहायता के रूप में दी जाने वाली आनुग्रहिक राहत (GR) की राशि का व्यय SDRF साहाय्य मानदर में अनुमान्य राशि तक राज्य आपदा रिस्पौंस कोष (SDRF) से तथा शेष राशि का व्यय राज्य निधि से किया जाएगा। इस प्रकार, राज्य आपदा रिस्पौंस कोष (SDRF) से 3360 रुपये तथा राज्य संसाधन से 140 रुपये (कुल 3500 रुपये) विकलनीय होंगे।

4. कृषि विभाग से कृषि इनपुट सब्सिडी का प्रस्ताव प्राप्त होने पर आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा कृषि विभाग को आवंटन दिया जाएगा।

5. कृषि विभाग के द्वारा आवश्यकतानुसार फसल की सुरक्षा एवं बचाव के लिए चलाई जा रही कृषि इनपुट के रूप में डीजल सब्सिडी की व्यवस्था एवं आकस्मिक फसल योजना को भी तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा।

6. ऊर्जा विभाग के द्वारा कृषि एवं संबंधित अन्य कार्यों हेतु सुखाड़ से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

7. <u>अनुश्रवण</u>

क. जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में सुखाड़ साहाय्य कार्य चलाए जाएँगे। जिला पदाधिकारी के अधीन गठित टास्कफोर्स सुखाड़ से उत्पन्न स्थिति एवं इसके निवारण हेतु किए जा रहे प्रयासों का लगातार अनुश्रवण करेगा।

ख. राज्य मुख्यालय में आपदा प्रबंधन विभाग में राहत कार्य के अनुश्रवण हेतु गठित नियंत्रण कक्ष निरंतर क्रियाशील रहेगा।

ग. कृषि विभाग के द्वारा स्थिति का निरंतर अनुश्रवण एवं निगरानी की जाएगी।

घ. राज्य स्तर पर गठित आपातकालीन प्रबंधन समूह (Crisis Management Group) निरंतर क्रियाशील रहेगा तथा सुखाड़ग्रस्त जिलों में राज्य सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का सतत् अनुश्रवण करेगा।

8. इस वर्ष राज्य के कुछ जिलों के कुछ प्रखण्डों के गाँवों/टोलों/बसावटों में बाढ़ की स्थिति भी उत्पन्न हुई है बाढ़ के कारण उक्त क्षेत्रों में लगाए गए फसल का नुकसान हुआ है, जिसका सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण के उपरान्त प्रभावित किसानों को आवश्यकतानुसार कृषि इनपुट सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी।

9. उपर्युक्त के आलोक में संबंधित विभाग अपने–अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई कर आदेश निर्गत करेंगे।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

**(संजय कुमार अग्रवाल)**
सचिव

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग/सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि सूखाग्रस्त घोषित जिलों में कंडिका 4, 5, 6, 7 एवं 8 में वर्णित अपने विभाग से संबंधित कार्य प्रारम्भ करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने की कृपा करेंगे।

**सचिव**

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय (आपदा प्रबंधन प्रभाग), भारत सरकार, नई दिल्ली/सदस्य सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली/संयुक्त सचिव (सुखाड़ प्रबंधन), कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सचिव**

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** जिला पदाधिकारी, जहानाबाद/गया/औरंगाबाद/शेखपुरा/नवादा/मुंगेर/लखीसराय/भागलपुर/बाँका/जमुई एवं नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सचिव**

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सचिव**

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** सरकार के सभी विभाग/विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सचिव**

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** संबंधित जिलों के प्रभारी सचिव/प्रधान सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सचिव**

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** मुख्य सचिव, बिहार/विकास आयुक्त, बिहार/स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** माननीय मुख्य मंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/माननीय मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार के आप्त सचिव/सभी माननीय मंत्री, बिहार सरकार के आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव

ज्ञापांकः 01/प्रा0आ0(सुखाड़)–63/2022/**4981**/आ0प्र0 पटना, दिनांक–**14.10.2022**

**प्रतिलिपिः** अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु अधिसूचना की प्रति एवं सी0डी0 के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है अधिसूचना गजट की सौ प्रति विभाग को उपलब्ध करा दी जाए।

सचिव

# अल्पवृष्टि के कारण सूखा प्रभावित जिला/प्रखंड/पंचायत की सूची

| क्र० सं० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | जहानाबाद (6/41) | जहानाबाद | गोनवां, कलपा(2) |
| | | मखदुमपुर | मलाथी, पुनहाडा, कुमारडीह, जगपुरा, सारेन, कोहरा, मंझौस, भैख, सोलहन्डा, मकरपुर, जमानगंज, धरनई, मखदुमपुर(नगर पंचायत), सुमेरा, सुगांव, छरियारी, कचनामा, दकरा, धरौत, कलनौर(20) |
| | | रतनी फरीदपुर | नारायणपुर, सिकन्दरपुर, सिसम्बा, नेहालपुर, कसवान, रतनी, पण्डौल, मुरहरा, उचिता, नुआवन, कन्सुआ(11) |
| | | घोषी | शाहपुर (1) |
| | | हुलासगंज | टिर्रा(1) |
| | | मोदनगंज | सईस्ताबाद, बंधुगंज, विशनुपुर ओकाराई, देवरा, नाईमा, मोदनगंज(6) |
| 2 | गया (18/136) | आमस | सावांकला, करमडीह, कलवान, झारी, रामपुर, महुआवान, एकौना, आमस, बकरी चिलमी(9) |
| | | अतरी | नरावट, धोसरी, टेटुआ, सहौरा(4) |
| | | बाराचट्टी | बजरकरी, बारा, भलुआ, बीबी पेसरा, बिंदा, बुमेर, देवनिया, जयगिरि, झांझी, कहुदाग, पतलुका, रोहि, सरावनी(13) |
| | | डोभी | खरण्ति, कुरमावानी, नादरपुरी, नवादिह, पट्टी(5) |
| | | डुमरिया | माहुरी, मंझौली, नारायणपुरी, पंकड़ा(4) |
| | | फतेहपुर | बारा, भरे, जयपुर, कठौतिया केवली, लोधवे उत्तर, लोधवे दक्षिण, माटासो, मोरहे, नगावा, पहाड़ पुरी(10) |
| | | गुरारू | डाबूर, दीहा, घटेरा, गुडरू, कनौसी, रौना, तिलोरि(7) |
| | | गुरूआ | बर्मा, बेलौटी, डब्बा, गुनेरि, काझो, कोलाउना, मंडा, नादौरा, नागवानी, पाकरी, पलुहारा, रघुनाथ खापी, राजन, सेमारू (14) |
| | | ईमामगंज | छकर बंधरू, दुबई, झिकटिया, कुजेसरी, मल्हारी, नागवानी, नौदिहा, रानीगंज, सिद्धपुर(9) |
| | | कोंच | अदाई, सिमरा, टिंगरी(3) |
| | | मानपुर | गेरे, कैया, सोहाई पुरी, सोनौत(4) |
| | | मोहनपुर | अंबतारी, अमकोला, बगुला, बुमुआरी, देमा, धरहरा, एरकी, गोपाल केरा, गुड़ियावानी, केवला, खरडीह, लाडू, लखईपुरी, मतिहानी, मुसैला, सिन्दुआरी, सिरियावन, टेस्वरी(18) |
| | | मोहड़ा | गहलोर, जेठियानी, तेतार(3) |
| | | नीमचक बथानी | बथानी(1) |
| | | परैया | अजमत गंज, कपासिया, मंगरावनी, मांझियावाणि, परैया खुर्द, पुना कला(6) |
| | | शेरघाटी | चनपी, गोपालपुर(2) |
| | | टनकुप्पा | अरोपुरी, बहसापिपरा, बरसौना, भेटौरा, चौबड़ी, ढिबारी, गजधरपुरी, जगरनाथपुर, टनकुप्पा, उत्ताली बारा(10) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | वजीरगंज | अमेठी, बिशुन पुरी, दक्षिण गांव, घुड़ियावानी, करिसोवा, करजरा, केनार फतेहपुरी, केनार पहाड़पुरी, कुर्किहारो, महुयेत, नवादा, पुनावा, पुरा, सहिया(14) |
| 3 | शेखपुरा (5 / 28) | अरियरी | बरुना, बिमान, चोरबे, चोरदर्गही, दीहा, एफानी, हजरतपुर मारो, हुसैनाबाद, कसारी(9) |
| | | बरबीघा | कुथौट, पिंझरी, समसबुजुर्ग, सर्व(4) |
| | | चेवाड़ा | चकन्द्र, चेवारा, छठियारा, एकराम, लहाना, लोहान, सियानि(7) |
| | | शेखपुरा | गगरी, कैहतमान, कोसर, लोदीपुर(4) |
| | | शेखोपुरसराय | अंबारी, बेलाव, निम्मी, ओनामानी(4) |
| 4 | जमुई (10 / 152) | खैरा | खरखार, खड़ाईच, झुण्डो, बेला, कागेश्वर, मांगोबन्दर, भिमाईन, विशनपुर, हरनी, रायपुरा, वानपुर, चुंआ, जीतझिंगोई, नीमनवादा, अरुणमाबांक, अमारी, गरही, गोपालपर, गोली(19) |
| | | झाझा | धमना, खूरंडा, बलियाडीह, बाराकोला, बाराजोर, बोड़वा, बैजला, करमा, करहारा, कानन, केशोपुर, कनौदी, माहापुर, हथिया, पैरगाहा, रजलाकला, छापा, चॉय, जामुखरैया, नगर पंचायत, टेलवा बाजार(21) |
| | | ई० अलीगंज | इस्लामनगर, कोदवरिया, कोल्हाना, कैयार, कैथा, मिर्जागंज, पुरसंडा, सहौड़ा, दीननगर, दरखा, आढ़ा, अवगिला चौरासा, अलीगंज(13) |
| | | बरहट | बरियारपुर, बरहट, कटौना, मलयपुर, पांड़ो, डाढ़ा, नूमर, गुगुलडीह, लखैय(9) |
| | | सिकन्दरा | खरडीह, ईटासागर, कुमार, मंजोष, मथुरापुर, महादेव समरिया, बिछबे, मिरचा पाठकचक, सिझौड़ी, सिकन्दरा, भुल्लो, पोहे, सबलबीधा, गोखुला फतेहपुर(14) |
| | | गिद्धौर | कोल्हुआ, कुन्धुर, मौरा, पु0 गुगुलडीह, पतसंडा, रतनपुर, सेवा, गंगरा(8) |
| | | सोनो | ढोढरी, बाबूडीह, बेलम्बा, बलथर, केशोफरका, महेश्वरी, थम्हन, पैरामटिहाना, रजौन, सारेवाद, सोनो, दहियारी, छुछनरिया, चुरहैत, नैयाडीह, गंदर, लखनकियारी, लोहा, लालीलेवार(19) |
| | | चकाई | घुटवे, ठाड़ी, बरमोरिया, बोंगी, कल्याणपुर, माधोपुर, कियाजोरी, परांची, पौझा, पेटरपहरी, रामसिंहडीह, रामचंद्रडीह, सरौन, डढ़वा, दुलमपुर, वामदह, चकाई, चौफला, चन्द्रमंडीह, फरियत्ताडीह, न0 सिल्फरी, नौवाडीह, गजही(23) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | जमुई | इन्दपे, काकान, कुन्दरी संकुरहा, मंझवे, थेगुआ, दौलतपुर, चौडीहा, नगरपरिषद, अमरथ, अड़सार, अगहरा बरूअट्टा, गरसंडा, लखनपुर(13) |
| | | लक्ष्मीपुर | ककनचौर, काला, मटिया, मोहनपुर, मडैया, खिलार, पिडरौन, दिग्धी, चिनवेरिया, हरला, नजारी, आनंदपुर, गौरा(13) |
| 5 | मुंगेर (8 / 50) | असरगंज | जोरारी, असरगंज, रहमतपुर, मकवा, सजुआ(5) |
| | | बरियारपुर | बरियारपुर दक्षिण, रतनपुर(2) |
| | | धरहरा | सारोबाघ, इटवा, बनगलवा, धरहरा महराना, धरहरा दक्षिण, औराबगिचा, माताडीह, अजिमगंज, महगामा, अमारी(10) |
| | | जमालपुर | जमालपुर(नगर परिषद), बैंक, रामनगर, ईटाढ़ी, पतम पूर्वी (5) |
| | | हवेली खड़गपुर | बहिरा, बैजलपुर, गोबड्डा, कौड़िया, मुधेरी, रतैथा, रमनगवड पूर्वी, मुरादे, मंझगाई, दरियापुर–2, रमनगवड प०, अगरहान, खड़गपुर(नगर परिषद), तेलियाडीह, नाकी, गंगटा, दरियापुर–1, बरूई(18) |
| | | संग्रामपुर | कटियारी, कुसमार, बधौनिया, डुमरट्टा(4) |
| | | तारापुर | तारापुर(1) |
| | | टेटिया बम्बर | टेटिया, केशहॉली, बनहारा, नोनाजी, भूना(5) |
| 6 | बांका (11 / 160) | फुल्लीडुमर | दक्षिण कोझी, पाथड्डा, फुलिडुमर, कैथारू, भितिया, केंदुआरी, राता, उत्तरारी कोझी, सदपुरी(9) |
| | | बेलहर | रघुनाथपुरी, तेलिया कुमारी, बासमाता, हथिया दर, झुकिलिया, लौदिया, धौरी, बहोर्न, राजपुरी, बेल्हारी, निमिया(11) |
| | | बांका | लोधाम, समुखिया, बहेरा, दुधारी, लक्रिकोला, कर्म, रानिया जोगडीहा, डोमुहानी, दारा, जमुआ, तेलिया, छत्रपाली, बांका (एनपी), काकवरा, कझिया, लखनौदी(16) |
| | | बाराहाट | महुआवा, भाभंगमा, भुरना, औरिया, सोंडीहा उत्तर, लोदिया खुर्द, खरियारा, सबलपुरी, पंजवाड़ा, नारायणपुरी, पथरा, मिर्जापुरी, सोंडिहा दक्षिण, खरहरा, घोड़घावाड़(15) |
| | | शंभुगंज | करसोप, कूर्म, रामचुआ, बिरनोधा, पररिया, बरसवाद, कस्वा, छत्रहरि, पाकरिया, मालदीव, भट्टशिला, चुटिया बेलारी, मिर्जापुरी, झकरा, कामतपुरी, गुलनि, बैदपुरी(17) |
| | | रजौन | परघरी–लकरा, हरचंडी अम्हारा, खैरा, ओरहारा, तिलकपुर, सांझा श्यामपुर, राजौन, राजाबार, मोरमा बंगाओं, भवानीपुर–कठौन, चिलकावर असौता, सखारा, दयाहरन महागामा, धौनी–बामदेव, नवादा खरौनी, कठछतर लीलातारी, सिंहनानी, मझगैन दर्पण(18) |
| | | धौरैया | मकाइता बाबूरा, महिला बसनपुरी, सिझत बलियासी, सांचाकी, काठबंगा बीरबलपुर, बटसारी, करहरिया, घासिया, कूर्म, ताहिरपुर गौरा, लोगिन, गछिया बसबिट्टा, भेलई, खरौंधा झोथा, जयपुर, चालना, अहिरो, पेयर, रंगगांव(19) |
| | | कटोरिया | जयपुर, देवासी, जामदहा, लक्रामा, कटियारी, भोरसर भेलवा, कटोरिया प्रखण्ड, बासमट्टा, मनिया, मोथावरी, घोरमारा, कठौनी, बदवासनी, दामोदर, हरधरी(15) |
| | | अमरपुर | कुष्माहारू, गोर्गामा, बिसनपुरी, लक्ष्मीपुर चिरैया, भीखनपुरी, रतनपुर मकदूमा, गरीबपुरी, सुल्तानपुर, पवई, भरको(10) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | बौंसी | सांगा, चिलकारा, संपदाहार, बगदुंबा, बभंगमा, दहुआ, सिकंदरपुरी, कुद्रो, कस्वा मंदरी, सरुआ, गोकुला, दलिया, कैरी(13) |
| | | चानन | कत्सकारा (पश्चिम), बोड़ा सुइया, कस्वाबलिया (दक्षिण), बरफेरा तेतरिया, असुराहरू, धनुसारी, कुसुमजोरी, कत्सकारा (पूर्व), चंदावारी, वार्नी (उत्तर), कस्वाबलिया (उत्तर), सिलजोरी, चंदानी, वार्नी (दक्षिण), कोरिया, गौरीपुरी, बिरनिया(17) |
| 7 | भागलपुर (9／117) | सबौर | फरका, ममलखा, शंकरपुर दियारा, परघड़ी, बैजलपुर, खानकित्ता, रजंदीपुर, बरारी, चंधेरी(9) |
| | | नाथनगर | भतौड़िया, रामपुर खुर्द, नूरपुर, निष्फ अम्बे, विशनरामपुर, कजरैली(6) |
| | | कहलगाँव | प्रशस्तडीह, कोदवार, घोघा, जानीडीह, पक्कीसराय, भोलसर, धनौरा, कुर्मा, कैरिया, ओगरी, लगमा, बंशीपुर, श्यामपुर, सलेमपुर सैनी, सियाँ, रामपुर, रामजानीपुर, नंदलालपुर, बीरबन्ना(19) |
| | | गोराडीह | विशनपुर जिच्छो, खुटाहा, उस्तु, गोराडीह, सारथ डहरपुर, पिथना, मोहनपुर, तरछा दामुचक, सोनूडीह सतजोरी, अगरपुर माछीपुर, अगरपुर, सालपुर, मुरहन जमीन, नदियामा(14) |
| | | सुलतानगंज | नयागाँव, धाँधी बेलारी, करहरिया, कुमैठा, असियाचक, भीरखुर्द, कटहरा(7) |
| | | सन्हौला | तेलौंधा, सनोखर, धुआवै, अरार, मदारगंज, सिलहन खजुरिया, बड़ीनाकी, बोडा पाठकडीह, अमडंडा, अमडीहा, पोठिया, भूड़िया, माधोपुर बथानी, कमालपुर श्रीचक, सन्हौला, फाजिलपुर सकरामा, महेशपुर घनश्यामचक(17) |
| | | पीरपैंती | किर्त्तनियाँ, राजगाँव, राजगाँव अराजी, हरदेवचक, रौशनपुर, सलेमपुर, प्यालापुर, हरिणकोल, औलापुर, बंधुजयरामपुर, बारा, रिफातपुर सिमानपुर, प्रसबन्ना, रिफातपुर, महेशराम(15) |
| | | शाहकुण्ड | बेल्थू, मकन्दपुर, जगरिया, दीनदयालपुर, अम्बा, पैडोमिनीया माल, बासुदेवपुर, सरौनी, गोवरॉय, सजौर, किशनपुर अमखोरिया, हरनथ, खैरा, दरियापुर, दासपुर, भुलनी, हाजीपुर(17) |
| | | जगदीशपुर | इमामपुर, भवानीपुर देसरी, सैनो, बैजानी, बलुआचक पुरैनी, चाँदपुर, पुरैनीटोला सोनूचक, खिरीबाँध, जमनी, सन्हौली, पुरैनी उत्तरी, पुरैनी दक्षिणी, जगदीशपुर(13) |
| 8 | लखीसराय (5／28) | हलसी | बल्लोपुर, भानपुरा, धीरा, हल्सी, कैंडी, प्रतापपुर, शिरखंडी, मोहद्दीनगर (8) |
| | | चानन | भलुई, गोहरी, जानकीडीह, खुटूकपर, कुन्दार, लाखोंचक, संग्रामपुर (7) |
| | | लखीसराय | अम्हारा, बिलौरी, दामोदरपुर, कछियाना, महिसौना (5) |
| | | रामगढ चौक | औरे, भबरीया, बिल्लो, नंदनामा, नौनगढ़, सुरारी इमाम नगर, टेटरहाट (7) |
| | | बड़हिया | लक्ष्मीपुर (1) |
| 9 | नालंदा | बिहारशरीफ | पलटपुरा, रानाबीघा, तुंगि (3) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (5/11) | बिंध | बिंध, जमसारी, कथराही, उतरथु (4) |
| | | चण्डी | अरौत, सिरनवां (2) |
| | | परवलपुर | माई (1) |
| | | रहुई | बरंडी (1) |
| 10 | नवादा (11/116) | नवादा | ननौरा, जमुआ पटवासराय, लोहरपुर, पौरा, झुनाठी, भगवानपुर, महौली (7) |
| | | काशीचक | पार्वती, खखरी, रेवड़ा जगदीशपुर (3) |
| | | पकड़ीबरवाँ | बेलखुडा, गुलनी, ज्यूरी, कबला, बुधौली, इरूरी, पोकसी, पकड़ीबरवाँ दक्षिण, पकड़ीबरवाँ उतर, डुमराँव, धेवुधा, उकैरा, दतरौल, धोरहा, धमौल (15) |
| | | कावाकौल | मधौल, लालपुर, पहाड़पुर, शेखोदेवरा, पाण्डेय गंगौत, नवाडीह, केवली, छवैल, द्रावां, मांझीला, देवनगढ़, कवाकोल, पाली(13) |
| | | रोह | मोरमा, मर्रा, नज़रडीह, कुंज, ओहरी, मारुई, रोह, समहारीगढ़, डुमरी, भट्टा, सिउर, कोशीरुखी, छनौं, भीखमपुर (14) |
| | | गोविंदपुर | बकसोती, बुधवाड़ा, बनिया बीघा, विशुनपुर, सुघरी, गोविंदपुर, सरकंडा, माधोपुर, भवनपुर (9) |
| | | अकबरपुर | तेयर, फतेहपुर, गोविंद बीघा, कुलना, पैजुना, बरेव, माखर, बलिया बुजुर्ग, बुधुआ, फरहा, पेंटी, पारतो करहारी (12) |
| | | सिरदला | राजन, अकौना, खानपुरा, घाघाट, बंधी, खटांगी, संधि मझगांव, उपरडीह, चौकिया, अब्दुल, लौंड, सिरदला (12) |
| | | नरहट | कोनिवार, बभनौर, पालीखुर्द, जमुआरा, सैदापुर गोवासा, पुनौल, नरहट, खानवा, शेखपुरा, पुंठार (10) |
| | | हिसुआ | छतिहार, बगोदर, कैथिर, हदसा, सोनसा, तुंगी, डोना, पछड़ा, धनवान, चित्तरघाटी (10) |
| | | नारदीगंज | मसौधा, दोहरा, नानौरा, हंडिया, कहुआरा, ओरो, इचुआ कर्ण, पेश, नारदीगंज, परमा, कोशिला (11) |
| 11 | औरंगाबाद (8 / 98) | औरंगाबाद | इब्राहिमपुर, मंझर, नौगढ़, परसडीह, बेला, औरंगाबाद, खैरा बिंद, ओरा, खैरा मिर्जा, पोइवा(10) |
| | | बारुण | दुधर(1) |
| | | गोह | बक्सर, बंटारा, दिहुरी, हथियारा, झिकटिया, भुरकुंडा, उपहारा(7) |
| | | रफीगंज | अर्थुआ, बलार, बघौरा, च्यू, दुगुल, गोर्डीहा, भदुकी कला, चरकवा, चौबरा, सिहुली, केराप, कोटवाड़ा, भदवा, बालीगांव, धोसिला, लोहरा(16) |
| | | मदनपुर | नीमा अजानी, मणिका, घटरैन, बानिया, बेरी, मदनपुर, उत्तर उमगा, दक्षिण उमगा, घोड़ा दिहारी, दधापी, अर्की कला, पिपौरा, वार, महुआवां, ची नवादा, सलैया, खिरियावानी, पिर्थु, पीरवा(19) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **देव** | पवई, खरकनी, हसौली, बनुआ, दुलारे, बरंदरामपुर, बसडीहा, बेड़नी, बेढ़ना, इरौरा, देव, भवानीपुर, पूर्वी केतकी, पश्चिम केतकी(14) |
| | | कुटुंबा | पिपरा बगही, डुमरा, डुमरी, मटपा, जगदीशपुर, भरौंधा, ऋषियाप, बैरावा, परता, महराजगंज, वर्मा, घेउरा, अंबा, संदा(14) |
| | | नवीनगर | चंद्रगढ़, बसडीहा, मुंगिया, रामनगर, खजूरी पांडु, हरिहर उड़ना, टंडावा, नौर, पिपरा, ठेंगों, बेलाई, रामपुर, टोल, सिमरी धमनी, अकोढ़ा, केरकां, बैरिया(17) |